

## एक नजर में

### जिला विकास सलाहकार समिति का हुआ गठन

**भोपाल.** जिले के समग्र विकास को लेकर अब जिला योजना समिति को भोपाल जिला विकास सलाहकार समिति में तब्दील किया गया है. इसमें अध्यक्ष के रूप में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भोपाल के प्रभारी मंत्री चेतन काश्यप को उपाध्यक्ष के रूप में शामिल किया है. सांसद आलोक शर्मा एवं सभी विधायकों, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत और नगर पालिका अध्यक्ष को सदस्य बनाया गया है. सूची में भाजपा संगठन के कई महत्वपूर्ण पदों पर बैठे लोगों को जिले के विकास के लिए सदस्य के तौर पर चुना गया है, जिनमें जिला भाजपा अध्यक्ष रविन्द्र यति और कुछ व्यापारी प्रतिनिधि भी शामिल हैं.

### युवक का मिला शव शिनाख्त में जुटी पुलिस

**भोपाल.** मंगलवारा थाना इलाके में एक अज्ञात युवक को मृत पाया गया. पुलिस मृतक की शिनाख्त में जुटी है. शव को हमीदिया अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया गया है. शव की शिनाख्त के बाद ही पीएम कराया जाएगा. एएसआई गणपति सिंह ने बताया कि मृतक को एक अज्ञात आटो चालक ने सेंट्रल लाइब्रेरी के पास देखा था. चालक ने अचेत अवस्था में उसे शनिवार की शाम अस्पताल पहुंचाया था. मृतक की उम्र करीब 25 साल के आसपास है. मृतक के परिजनों की तलाश के बाद शव का पीएम कराया जाएगा. पुलिस अज्ञात ऑटो चालक की भी जानकारी जुटा रही है.

### मकान की तीसरी मंजिल से गिरी महिला की मौत

**भोपाल.** निशातपुरा थाना इलाके में एक मकान की तीसरी मंजिल से गिरी महिला की मौत हो गई. महिला के साथ हादसा उस दौरान हुआ, जब वह छत की रैलिंग पर खड़ी थी. महिला की मौत पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. संध्या शुक्ला (48) संजीव नगर कॉलोनी में निवास करती थी. उनके पति विनोद शुक्ला वेटनरी डॉक्टर हैं और संध्या गृहिणी थीं. शनिवार देर शाम संध्या अपने मकान की तीसरी मंजिल की छत की रैलिंग पर खड़ी होकर पड़ोसी से बात कर रही थी. इस दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे जमीन पर गिर गईं.

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**भोपाल.** ऐशबाग थाना क्षेत्र में बिजली का करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई. रविवार को युवक अपने बन रहे मकान की तराई के लिए पानी की मोटर में तार लगा रहा था. इस दौरान उसके साथ हादसा हो गया. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. अब्दुल अजीम खान (27) मस्जिद के पास का रहता था. अब्दुल का यहां मकान बन रहा था और सुबह के समय वह तराई करने पहुंचा था. इस दौरान पानी की मोटर का तार लगा रहा था. इसी दौरान अब्दुल करंट की चपेट में आ गया. परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने शव का पीएम कराते हुए परिजनों को सौंप दिया है.

# सीएम हाउस पहुंचकर किया प्रदर्शन

## ट्विशा शर्मा की मौत का मामला



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 17 मई. कटारा हिल्स थाना इलाके में महिला ट्विशा शर्मा की मौत के मामले को लेकर उनके पिता सहित परिवार के लोगों ने रविवार को सीएम हाउस पहुंचकर प्रदर्शन किया.**

मौके पर मौजूद सीएम हाउस के अधिकारियों ने परिजनों से मिलकर उनकी बात सुनी. परिजनों ने ट्विशा की मौत के पांचवे दिन भी शव लेने से इंकार दिया. जानकारी के मुताबिक ट्विशा शर्मा की मौत के बाद उनके मायके पक्ष के लोग लगातार ससुराल पक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं.

इस दौरान ट्विशा की मौत के मामले में न्याय की मांग को लेकर मायके के लोग सीएम हाउस पहुंच गए और प्रदर्शन करने लगे. इस मौके पर सीएम हाउस में सचिवालय के अधिकारियों ने लोगों की बात सुनी और कार्रवाई को आगे बढ़ाने का आश्वासन भी दिया. ट्विशा के मायके पक्ष के परिजनों की मांग है कि वह अपनी बेटी के शव का दिल्ली एम्स में दूसरा पीएम कराने के बाद अंतिम संस्कार करेंगे.

> बता दें कि 12 मई मंगलवार को ट्विशा के आत्महत्या करने की जानकारी सामने आई. इसके बाद से ट्विशा के पक्ष के लोग लगातार ससुराल पक्ष पर आरोप लगा रहे हैं. ट्विशा की सास रिटायर्ड जज हैं और सास के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने के बाद उन्हें जमानत मिल चुकी है. ट्विशा के पति समर्थ सिंह के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज है और उनके जमानत आवेदन पर सोमवार को सुनवाई कोर्ट में होगी. ट्विशा के मायके पक्ष के लोगों की मांग पर पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन भी किया है.

# वन रक्षक और जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा 25 मई से

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 17 मई. मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा वन विभाग के अंतर्गत वन रक्षक, क्षेत्र रक्षक, जेल विभाग के अंतर्गत जेल प्रहरी और सहायक जेल अधीक्षक के पदों पर परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है. परीक्षा 25 मई से शुरू होने जा रही है.**

मंडल द्वारा जारी संशोधित सूचना के अनुसार परीक्षा पूरी तरह से ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित होगी. परीक्षा को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं.मंडल के अनुसार परीक्षा का आयोजन हर दिन दो अलग-अलग पालियों में किया जाएगा. जिसमें पहली पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे और दूसरी पाली में दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक परीक्षा आयोजित की जायेगी. जबकि केंद्र पर पहुंचने का समय 1 घंटे पहले का निर्धारित किया गया है. मंडल ने परीक्षा की शुचिता और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सख्त नियम लागू किए हैं. जिसमें अभ्यर्थियों को फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा. वहीं बायोमेट्रिक सत्यापन परीक्षा हॉल में प्रवेश के समय और परीक्षा के दौरान उम्मीदवारों का बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन किया जाएगा.

# पुलिस के विशेष अभियान में 73 वारंट तामील

**कार्रवाई**

- पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल को किया ब्रीफ
- एसपी बिलखिरिया थाने पहुंचे



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 17 मई. पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पाण्डेय ने थाना बिलखिरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया. उन्होंने रात्रिकालीन गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों पर सतत निगरानी, आकस्मिक चैकिंग और अपराध नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश इस मौके पर दिए.**

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल को अलग-अलग टीमों में विभाजित कर विभिन्न क्षेत्रों में रवाना किया. इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. नीरज चौरसिया ने थाना ईटखेड़ी में पुलिस बल को ब्रीफ कर अभियान के लिए रवाना किया.

कॉम्बिंग गश्त के दौरान जिले के समस्त एसडीओपी, थाना प्रभारियों एवं पुलिस बल द्वारा लंबे समय से फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, निगरानी बदमाशों की चेकिंग तथा महिला संबंधी अपराधों के आदतन आरोपियों की निगरानी के लिए व्यापक अभियान चलाया. अभियान में लगभग 100 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की.

> देर रात्रि में जिले के 07 स्थानों पर आकस्मिक वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें 80 से अधिक वाहन चालकों को समझाइश दी गई. शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई. कुल 73 वारंट तामील कराए गए, जिनमें 33 स्थाई वारंट एवं 40 गिरफ्तारी वारंट शामिल हैं. कई स्थाई वारंटी लंबे समय से फरार चल रहे थे. इसके अतिरिक्त 58 जमानती वारंट एवं 67 समंस की तामील की गई.

# व्यापारी के साथ 86 लाख की धोखाधड़ी

## मुंबई की कंपनी को भेजे थे रुपए

- **कंपनी ने रुपए मिलने के बाद की टालमटोली**



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 17 मई. निशातपुरा इलाके में एक व्यापारी के साथ करीब 86 लाख रूपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. फरियादी ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई है. पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

जानकारी के मुताबिक फरियादी निखिल गुप्ता संजीव नगर में निवास करते हैं. संजीव एक डामर व्यापारी के तौर पर काम करते हैं. देश के अलग-अलग शहरों से वह कच्चा डामर खरीद कर भोपाल में इसकी सप्लाई करते हैं.

करीब तीन साल पहले संजीव ने मुंबई की एक कंपनी से थोक में माल लेने के करीब 85.74 लाख कंपनी के एकाउंट में ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से भेजा. संजीव का आरोप है कि संबंधित कंपनी ने रूपए मिलने के बाद कच्चा डामर भेजने में हमेशा टालमटोली की.

**धोखाधड़ी का एहसास होने पर की शिकायत**

तीन साल से उस कंपनी से जुडे तीन लोगों ने संजीव तक माल सप्लाई नहीं कराई और भेजे गए रुपए भी वापस नहीं किए. धोखाधड़ी का एहसास होने पर फरियादी ने कंपनी और उससे जुडे तीन लोग पंकज पटेल, अमीषा, दिनेश नागाजीभाई के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है. निशातपुरा थाना पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.



**जोर शोर से चल रही लीची की बिक्री**

**भोपाल.** भीषण गर्मी और लू के बीच शहर में इन दिनों लीची की बिक्री जोर शोर से चल रही है. हालांकि इसके बढ़े हुए दाम कुछ लोगों की जेब पर भारी पड़ रहे हैं.


# शादी में चोरी करने वाला गिरफ्तार

## 60 हजार की ज्वेलरी पुलिस ने की बरामद

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 17 मई. ईटखेड़ी थाना पुलिस ने शादी समारोह में चोरी करने वाले एक शातिर चोर को धर दबोचा. पुलिस ने आरोपी के पास से करीब 60 हजार रुपए के चोरी के जेवरात बरामद किए हैं.**

पुलिस के मुताबिक फरियादी रूप सिंह (36) निवासी ग्राम मालीखेड़ी ने शनिवार को शिकायत दर्ज कराई. रूप सिंह ने पुलिस को बताया कि 13 मई को बायपास लांबाखेड़ा के पास कार्यक्रम स्थल पर उनकी बहन का विवाह समारोह आयोजित था. परिवार के सदस्य वहां एक कमरे में ठहरे हुए थे, जहां उनके बैग सहित सामान रखे थे. विवाह समारोह में व्यस्त रहने के दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने कमरे में रखे बैग की चैन तोड़कर आभूषण चोरी कर लिए.



> चोरी के मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने कार्रवाई शुरू की. घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज की जांच करने पर एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा गया. आरोपी की पहचान प्रीतम मेहर निवासी सैनी चौराहा लांबाखेड़ा के रुप में हुई. आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई. पूछताछ में आरोपी ने चोरी करना स्वीकार किया. पुलिस ने उसके पास से चोरी गया पूरा सामान बरामद किया.

# एनआईआईटी के विशेषज्ञ प्रोफेसर को बनाएंगे हाईटेक

## 22-23 को प्रोफेसर सीखेंगें युवाओं के भविष्य संवारने के गुण

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 17 मई. सरकारी कॉलेजों में पढ़ने वाले युवाओं के भविष्य को संवारने के लिये अब एनआईआईटी फाउंडेशन के विशेषज्ञ, शिक्षकों को खास तौर पर प्रशिक्षित करेंगे.**

जिससे वे कॉलेजों में विद्यार्थियों के लिए बेहतरीन मार्गदर्शक और करियर निर्माण की भूमिका निभा सकें. बता दें शिक्षा को सीधे रोजगार से जोड़ने के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने एक बड़ा कदम उठाया है. विभाग के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना द्वारा प्रदेशभर के शासकीय महाविद्यालयों के प्रोफेसरों के लिए एक विशेष ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है.जिसका उद्देश्य कॉलेज स्तर पर ही शिक्षकों को सक्षम बनाना है, कि वे विद्यार्थियों को आधुनिक दौर की जरूरतों के हिसाब से तैयार कर सकें. जिसके लिये कार्यशाला का आयोजन 22 और 23 मई को राजधानी के एक होटल में किया जा रहा है.

# आज एनएचएम के संविदाकर्मी सौंपेंगे ज्ञापन

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 17 मई. प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत संविदा कर्मचारी एक बार फिर अपनी मांगों को लेकर हुंकार भरते नजर आ रहे हैं. कर्मचारियों के अनुसार वे अपनी मांगों को लेकर सोमवार को सीएमएचओ के माध्यम से अपर सचिव, लोक स्वास्थ्य संचालनालय को ज्ञापन सौंपने की तैयारी में हैं.**

इसके साथ ही कर्मचारियों ने चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा भी कर दी है. जिसके तहत उनहोंने कहा है कि आगर समय रहते मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो 2 जून से हड़ताल भी शुरू की जाएगी. कर्मचारियों का कहना है कि सालों से स्वास्थ्य के क्षेत्र में सेवायें दे रहे हैं. लेकिन उनकी समस्याओं की अनदेखी की जा रही है.पूर्व में सरकार की ओर से मांगों पर सहमति जताई गई थी, लेकिन एक साल बीतने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया.

घोषित कार्यक्रम के तहत 25 से 27 मई तक कर्मचारी काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराएंगे. इसके बाद 30 मई से 1 जून तक जनप्रतिनिधियों सांसद, विधायक और मंत्रियों को अपनी समस्याओं से अवगत कराया जाएगा. यदि इसके बाद भी मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो 2 जून से सभी कर्मचारी ऑनलाइन और ऑफलाइन कार्यों का बहिष्कार कर हड़ताल पर चले जाएंगे. वहीं आंदोलन के अंतिम चरण में 8 जून को भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा.

**-क्या हैं मांगें-**

> संविदा कर्मचारियों ने अपनी प्रमुख मांगों में नियमितीकरण, एनपीएस और स्वास्थ्य बीमा का लाभ, 10 प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि, महंगाई भत्ता, वेतन विसंगतियों का निराकरण, नियमित कर्मचारियों जैसी छुट्टियां और समान काम के लिए समान वेतन शामिल करने की मांग रखी है.

# महिला मित्र पर चलाया हथौड़ा और चाकू

## फिर खुद को मारा चाकू, मौत

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 17 मई. पिपलानी थाना इलाके में एक व्यक्ति ने पहले अपने साथ रह रही महिला मित्र पर रविवार को हथौड़े और चाकू से जानलेवा हमला किया. घरेलू विवाद के चलते व्यक्ति ने इसके बाद उसने खुद को चाकू मारकर अपनी जान ले ली. घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने हथौड़ा और चाकू को बरामद किया.**

पुलिस ने पहले दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया. वहीं महिला जिंदगी और मौत के बीच में जंग लड़ रही है. 50 वर्षीय लक्ष्मण प्रसाद रिछारिया निवासी सी-सेक्टर सोनागिरि निजी वाहन चालक था. लक्ष्मण की महिला मित्र कल्पना भारती भी उसके साथ लंबे समय से रह रही थी. पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया कि लक्ष्मण का उसकी महिला मित्र के साथ घरेलू विवाद हुआ. इसके बाद लक्ष्मण ने कल्पना के सिर पर हथौड़े से हमला कर दिया. कल्पना के जमीन पर गिरने के बाद लक्ष्मण ने अपने पास रखे चाकू से उसका गला भी रेता.



> पिपलानी पुलिस के सामने आई जानकारी के मुताबिक लक्ष्मण और कल्पना की पूर्व में शादी हो चुकी थी. लक्ष्मण की पत्नी की मौत करीब 5 साल पहले हुई थी और कल्पना अपने पति से लंबे समय से अलग रहती थी. दोनों एक ही मोहल्ले में रहते थे और धीरे-धीरे दोनों के बीच पहले दोस्ती हुई. इसके बाद दोनों साथ में रहने लगे. कल्पना लोगों के घरों में जा कर खाना बनाने का काम करती है. बताया जा रहा है कि कल्पना को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है.


**चरमराई यातायात व्यवस्था** ▶ मेट्रो निर्माण कार्य से बिगड़ी बैरसिया रोड की हालत

# ट्रैफिक जाम और धूल से परेशान हो रहे हैं रहवासी और व्यापारी

निज संवाददाता

**भोपाल,17 मई. शहर में चल रहे मेट्रो परियोजना के निर्माण कार्य के कारण बैरसिया रोड स्थित भारत टॉकीज, काजी कैंप, डीआईजी बंगला, हाउसिंग बोर्ड और करोंद चौराहा तक यातायात व्यवस्था चरमराती नजर आ रही है.सड़क सकरी और जगह-जगह खराब होने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.**

कई स्थानों पर वाहन चालक गलत दिशा से वाहन निकालते दिखाई दिए, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है. रहवासियों का कहना है कि सड़क पर धूल-मिट्टी, गड्ढे और लगातार लगने वाले जाम से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है.





वार्ड क्रमांक 70 के रहवासियों का कहना है कि मेट्रो निर्माण कार्य के चलते क्षेत्र की दैनिक व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है. सुबह और शाम के समय सबसे अधिक ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों, नौकरीपेशा लोगों और बुजुर्गों को परेशानी उठानी पड़ रही है. सड़क के कई हिस्सों में खुदाई और निर्माण सामग्री फैली होने से पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है. रहवासियों ने बताया कि धूल-मिट्टी लगातार उड़ने से आसपास के घरों और दुकानों में गंदगी बढ़ रही है,वहीं सड़क सकरी होने के कारण अन्य जरूरी वाहनों को निकलने में भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है.



करोंद चौराहा स्थित व्यापारियों ने नवभारत संवाददाता को बताया कि मेट्रो निर्माण शुरू होने के बाद से उनके व्यापार पर सीधा असर पड़ा है. ट्रैफिक जाम और सड़क संकरी होने के कारण ग्राहक दुकानों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं.साथ ही पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं होने से भी व्यापार प्रभावित हो रहा है.

कुबेर डेयरी के संचालक नरेंद्र सिंह दास ने बताया कि मेट्रो बैरिकेड्स के कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है. धूल-मिट्टी की वजह से ग्राहकों का आना कम हो गया है. मेट्रो परियोजना निर्माण से जुड़े अधिकारी ने नवभारत को बताया कि सड़क से संबंधित समस्याओं की मरम्मत नियमानुसार कराई जाएगी. साथ ही यातायात प्रभावित न हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया ह और यह भी बताया की मेट्रो परियोजना कार्य 2028 तक पूरा होगा.



> व्यापारी राजेंद्र साहू ने कहा कि वर्ष 2003 से दुकान संचालित कर रहे हैं, लेकिन मेट्रो निर्माण के बाद ग्राहकों की संख्या में भारी गिरावट आई है. ट्रैफिक जाम के कारण सामान ढुलाई का खर्च भी बढ़ गया है.



> स्थानीय रहवासी अमित वर्मा ने बताया कि पिछले 27 वर्षों में पहली बार इतनी गंभीर ट्रैफिक समस्या देखी जा रही है. सड़क डायवर्जन और धूल-मिट्टी से लोगों को परेशानी हो रही है. उन्होंने कहा की धूल मिटटी की हवा से रहवासियो का स्वास्थ दिन पर दिन ख़राब होता जा रहा है.उन्होंने निर्माण एजेंसियों से बेहतर यातायात प्रबंधन की मांग की.